PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

## हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, गुरुवार, 24 सितंबर, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## अलीगढ़: आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का दौरा, समीक्षा बैठक और हनुमंत कथा में होंगे शामिल



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज अलीगढ़ आ रहे हैं। वह सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से संवाद और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। वह शाम को हनुमंत चरित कथा में शामिल होंगे। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृहस्पतिवार को अलीगढ़ जनपद भ्रमण पर रहेंगे। वह राजकीय वायुयान से दोपहर सवा दो बजे अलीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद सांगवान सिटी स्थित एमएलसी चौ. ऋषिपाल सिंह के आवास पहुंचेंगे। यहां से सर्किट हाउस जाएंगे, जहां पौने तीन बजे से जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। सर्किट हाउस में ही विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। जिले से संबंधित विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। दोपहर चार बजे टीकाराम कॉलोनी नौरंगाबाद स्थित भाजपा महानगर अध्यक्ष इंजी. राजीव शर्मा के आवास जाएंगे। वहीं से डीएवी इंटर कॉलेज नौरंगाबाद पहुंचेंगे। यहां पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान माह के उपलक्ष्य में आयोजित श्री हनुमंत चरित कथा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद अलीगढ़ एयरपोर्ट से लखनऊ के प्रस्थान करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह एवं महानगर अध्यक्ष इंजी. राजीव शर्मा मौजूद रहेंगे।

**उच्च शिक्षा मंत्री भी आएंगे आज**

अलीगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी बृहस्पतिवार को अलीगढ़ आ रहे हैं। वह दोपहर तीन बजे डीएवी इंटर कॉलेज नौरंगाबाद में आयोजित श्री हनुमंत चरित्र कथा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## एएमयू : धरने में शामिल होने से इन्कार करने पर हिंदू छात्र की कर दी पिटाई



एएमयू में छात्रसंघ चुनाव की मांग के लिए चल रहे धरने में शामिल होने से इन्कार करने पर बीकॉम के एक हिंदू छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के परिजनों ने इसकी शिकायत प्रॉक्टर से की है। इस मामले में प्रॉक्टर ऑफिस ने तीन आरोपी छात्रों को नोटिस जारी किया है। पीड़ित छात्र के परिजनों के अनुसार, उनका बेटा रोजाना की तरह कक्षा में पढ़ाई के लिए जा रहा था। इसी दौरान तीन छात्रों ने उसे रोककर डक पॉन्ड पर चल रहे धरने में शामिल होने के लिए दबाव बनाया। छात्र ने जाने से साफ इन्कार कर दिया। इसी बात पर दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई, जिसके बाद पीड़ित छात्र को तीनों आरोपियों ने पीट दिया। परिजनों के अनुसार, छात्र को दो जगह चोट आई है। प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद अली खान ने परिजनों को आश्वस्त किया कि आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। प्रॉक्टर ने बताया कि छात्र के साथ मारपीट मामले में तीनों आरोपी छात्रों को उनका पक्ष रखने के लिए नोटिस देकर बुलाया गया है। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी छात्र को कक्षा में जाने से रोकने या पढ़ाई में बाधा डालने का अधिकार नहीं है।

**भूख हड़ताल पर बैठे छात्र के समर्थन में निकला विरोध मार्च**

एएमयू में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर चल रही भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठे यासिर फहद के समर्थन में छात्रों ने लाइब्रेरी से डक पॉन्ड तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की और यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है। अब निर्णायक लड़ाई होगी।

## Aligarh News: लापरवाही पर एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित





**टॉप-10 अपराधी और हिस्ट्रीशीटर की जमानत प्रक्रिया में लापरवाही बरतना टप्पल थाने में तैनात तीन पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने पैरोकार के रूप में तैनात उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। तीनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कराई गई है। निलंबित पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक शगुन सोम, आरक्षी सचिन कुमार और विश्वनाथ शामिल हैं। आरोप है कि थाना खैर में दर्ज मुकदमे के अभियुक्त महावीर सिंह की जमानत के दौरान आवश्यक सत्यापन और संबंधित थाने से समन्वय में गंभीर लापरवाही बरती गई। महावीर को थाना खैर का हिस्ट्रीशीटर और टॉप-10 अपराधी बताया गया है। विभागीय आदेश के मुताबिक जमानत के बाद अभियुक्त की रिहाई के लिए टप्पल क्षेत्र के रामदत्त और देवेंद्र को जमानतदार बनाया गया। आरोप है कि दोनों के पते और अन्य आवश्यक विवरण का समुचित सत्यापन नहीं कराया गया और थाना खैर से भी संपर्क नहीं किया गया। इसके बावजूद सरसरी तौर पर आख्या तैयार कर दी गई। बताया गया है कि यह आख्या 14 सितंबर को न्यायालय में प्रस्तुत हुई और उसी दिन महावीर की रिहाई हो गई। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी समय से नहीं दी गई। इसे कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए एसएसपी ने तीनों को निलंबित कर दिया। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि निलंबन अवधि में तीनों पुलिसकर्मी रिजर्व पुलिस लाइन से संबद्ध रहेंगे। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने पर रोक रहेगी। विभागीय जांच में आरोपों की विस्तृत पड़ताल की जाएगी।**

## Aligarh News: खाते से छह बार में 98,900 रुपये उड़ाए



देहली गेट थाना क्षेत्र में ठगों ने महावीर गंज निवासी विवेक बंसल के एसबीआई बचत खाते से एक ही दिन में छह बार में कुल 98,900 रुपये उड़ लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामला 21 सितंबर 2026 का है। पीड़ित विवेक बंसल को तब झटका लगा जब उनके मोबाइल पर बैंक से पैसे कटने के संदेश आने लगे। ठगों ने संदीप नाम के यूपीआई हैंडल के जरिए कुल छह अलग-अलग अनधिकृत यूपीआई ट्रांजेक्शन किए। शुरुआत 20,000 और फिर 20,000 रुपये के ट्रांजेक्शन से हुई। इसके बाद बीच में 9,900 रुपये निकाले गए। फिर 20-20 हजार और 9,000 रुपये निकाले। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद देहली गेट थाने में केस दर्ज कराया। सीओ संजीव कुमार के मुताबिक पुलिस अब उस यूपीआई आईडी और उससे जुड़े मोबाइल नंबर व डिवाइस की लोकेशन खंगालने में जुट गई है।

## Aligarh News: अवतार नगर में युवक ने फंदे से लटककर दी जान



सासनीगेट क्षेत्र के अवतार नगर में मंगलवार रात युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। अवतार नगर निवासी ललित (23) मजदूरी करता था। परिजनों के मुताबिक, वह पिछले कुछ दिनों से गुमसुम रह रहा था। मंगलवार रात वह अपने कमरे में था। कुछ देर बाद परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे फंदे पर लटका देखकर उनके होश उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सीओ संजीव कुमार के मुताबिक प्रथमदृष्टया युवक के मानसिक तनाव में होने की बात सामने आई है। हालांकि आत्महत्या की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## Aligarh News: बेटियों को पढ़ाना चाहती थी, पति ने की जान लेने की कोशिश



जिन बेटियों के हाथों में किताबें देखकर एक मां उनके बेहतर भविष्य के सपने संजो रही थी, वही सपना उसके लिए जान पर बन आया। निशातबाग मोहल्ले में एक महिला ने अपने पति पर बेटियों को पढ़ाने की बात पर विवाद के दौरान जान लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता आयशा के अनुसार उनका पति आदिल बेटियों की पढ़ाई के खिलाफ था। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ। आयशा का आरोप है कि विवाद के दौरान पति ने रस्सी से उसका गला घोंटने का प्रयास किया। इसके बाद गैस सिलिंडर खोलकर उसे जलाने की कोशिश की गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर ससुर और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और समय रहते उसे बचा लिया। घटना के बाद महिला ने पुलिस से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। सीओ सर्वम सिंह ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर आरोपी आदिल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपों के संबंध में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## Aligarh News: कहीं हुआ भजन-कीर्तन, कहीं गणपति की विदाई



गणेश पूजा महोत्सव के तहत शहर के मंदिरों और पंडालों में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। कहीं भजन-कीर्तन तो कहीं महाआरती हुई। श्रद्धालु शोभायात्रा के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले गए। प्राचीन सिद्धपीठ श्री गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के 14 दिवसीय कार्यक्रम के 11वें दिन दीपक दान और महाआरती का आयोजन किया गया। सहायक अभियंता विद्युत विभाग अनुराग पांडे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर के महंत विनय नाथ महाराज ने महाआरती संपन्न कराई। मौके पर ललित वार्ष्णेय, शिखा वार्ष्णेय, कृपा देवी, काजल मित्तल, रवि वर्मा, संजय दीक्षित, दीपक वार्ष्णेय उपस्थित रहे। गिलहराज हनुमान मंदिर में बुधवार को भगवान गणपति की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर अभिषेक कुमार, कृष्ण, प्रथम, सोनू, बिट्टू व अन्य मौजूद रहे। वार्ष्णेय मंदिर में गणेश महोत्सव सेवा समिति की ओर से गणेश पूजा महोत्सव विसर्जन शोभायात्रा के साथ संपन्न हो गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमित सराफ, महामंत्री मनोज वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, संजय, तृप्ति गुप्ता, शुभी वार्ष्णेय, सरिता, नमिता वार्ष्णेय, नेहा वार्ष्णेय, मिश्री गुप्ता, सोनी वार्ष्णेय आदि मौजूद थीं। गणेश संस्कार सामाजिक संस्था की ओर से टीकाराम मंदिर में गणेश महोत्सव के दसवें दिन एक शाम माता रानी के नाम का आयोजन हुआ। इंजीनियर देवेश सिंह और शैलेश वार्ष्णेय ने मुख्य यजमान के रूप में पूजन किया। संस्थापक अध्यक्ष योगेश महाजन, महामंत्री प्रमोद सेनानी, प्रशांत अग्रवाल, सचिन महाजन, रीना महाजन, मोनिका महाजन आदि मौजूद थीं। उड़ान महिला मंच की ओर से पूजा सेंगर के कयामपुर रोड स्थित आवास पर गणेश महोत्सव मनाया गया। संस्थापक ममता सिंह, भारती गौतम, कुसुम चौहान, अनामिका सिंह, सुनीता राठौर, जया सिंह आदि मौजूद रहीं।

## Aligarh News: कैनवास पर उतरी महिलाओं की अनकही वेदना



रसोई की चारदीवारी में सिमटी कहानी सिर्फ चूल्हे और बर्तनों तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक ऐसी महिला भी है, जो घर और बाहर की जिम्मेदारियां निभाते-निभाते कहीं न कहीं अपने अस्तित्व को तलाशती रहती है। इसी अनकही वेदना और आत्मसंघर्ष को एएमयू के फाइन आर्ट्स विभाग की बीएफए तृतीय वर्ष की छात्रा सोनी सारस्वत ने अपनी पेंटिंग में उकेरा है। सोनी की पेंटिंग में महिला घर के साथ बाहर की रसोई में भी जिम्मेदारियां निभाती नजर आती है। दिनभर दूसरों के लिए काम करने के बाद जब वह अपने घर लौटती है और खुद को रसोई में देखती है तो उसके भीतर का खालीपन सामने आता है। कैनवस पर उभरे रंग और दृश्य उस मानसिक स्थिति को व्यक्त करते हैं, जिसमें जिम्मेदारियों के बीच महिला खुद के लिए जगह तलाशती है। सोनी ने बताया कि पेंटिंग के जरिये उन्होंने महिलाओं की वेदना को कैनवस पर उतारने का प्रयास किया है। महिलाएं घर और बाहर की रसोई के बीच वह अपने अस्तित्व के लिए लगातार संघर्ष करती हैं।

## अलीगढ़: 15 अक्टूबर के बाद आ सकते हैं पीएम मोदी, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी के लोकार्पण की तैयारी



अलीगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कराने की तैयारी है। 22 जून को सीएम योगी ने निरीक्षण किया था। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले इसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अलीगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) का लोकार्पण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्तूबर के बाद आ सकते हैं। विश्वविद्यालय के अंदरखाने इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। आरएमपीयू की आधारशिला 14 सितंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। अब करीब पांच वर्ष बाद इसके लोकार्पण की तैयारियां शुरू हुई हैं। बीते 22 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएमपीयू पहुंचे थे और परिसर का निरीक्षण किया था। माना जा रहा है कि वह विद्यालय की प्रगति से संतुष्ट हैं। इसके बाद से ही लोकार्पण के लिए गतिविधियां बढ़ी हैं। अब प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए आरएमपीयू में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम तेज हो गया है। आरएमपीयू का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ था। अब विश्वविद्यालय परिवार की इच्छा है कि लोकार्पण भी प्रधानमंत्री के हाथों से हो। इसके लिए प्रयास चल रहे हैं। यदि प्रधानमंत्री समय देते हैं तो यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात होगी।-प्रबुद्ध सिंह, कुलसचिव

**अलीगढ़ से जाएगा बड़ा संदेश**

प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री के हाथों आरएमपीयू का लोकार्पण प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक लोग मान रहे हैं कि अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के संबोधन से आगामी चुनाव में भाजपा के अभियान के लिए बड़ा संदेश जाएगा। विश्वविद्यालय के सूत्रों के अनुसार, लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री 15 अक्तूबर के बाद आ सकते हैं। पीएमओ से अंतिम तिथि की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

## यूपी: दरोगा, सिपाही और सीआरपीएफ जवानों ने की सामूहिक हैवानियत, विधायक के फॉर्म हाउस में दरिंदगी की पूरी कहानी




हरियाणा की युवती के साथ यूपी में सामूहिक दरिंदगी की गई। अमरोहा में उत्तराखंड के विधायक के फार्म हाउस पर युवती से सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। युवती के आरोपों के बाद सीआरपीएफ इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल, पुलिस के दरोगा व सिपाही को गिरफ्तार किया गया है।

अमरोहा के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में झूलपुरी स्थित खानपुर (उत्तराखंड) के विधायक उमेश शर्मा के फार्म हाउस पर हरियाणा की युवती से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हसनपुर कोतवाली का दरोगा व अमरोहा पुलिस लाइन में तैनात सिपाही और असम में सीआरपीएफ की 156 वीं बटालियन में इंस्पेक्टर और पांचवीं बटालियन दिल्ली के हेड कांस्टेबल आरोप के घेरे में हैं।पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित भी कर दिया है। हसनपुर कोतवाली में सभी से पूछताछ की जा रही है। युवती फिलहाल अमरोहा में वन स्टॉप सेंटर पर है। आरोपियों में शामिल दो मुजफ्फरनगर जिले के हैं, जबकि एक बागपत और एक अन्य अलवर (राजस्थान) का रहने वाला है।दरोगा सिपाही के खिलाफ करेंगे बर्खास्तगी की कार्रवाई सीआरपीएफ इंस्पेक्टर के खिलाफ भेजी रिपोर्ट

मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज जी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अमरोहा के हसनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस मामले में शामिल चारों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।हसनपुर थाने में तैनात रहे दरोगा और सिपाही के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर और सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी सीआरपीएफ जवान मोहित पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ लाया था। उसने पीड़िता को सोनीपत में मिलने के बाद प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मनोना धाम घुमाने का झांसा दिया था।

एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि पीड़ित युवती हरियाणा के फतेहाबाद जिले की रहने वाली है और वहीं की किसी प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है। युवती ने पुलिस को बताया कि एक महिला मित्र ने उसकी मुलाकात सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल मोहित से कराई थी मोहित मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम का रहने वाला है।

सोमवार (21 सितंबर) को वह सोनीपत में मोहित से मिली। उसने घूमने चलने का प्रस्ताव रखा तो वह उसकी कार में सवार हो गई। सोनीपत से मोहित उसे कार से मेरठ ले गया, जहां उसने अपने साथी अलवर (राजस्थान) के थाना क्षेत्र के गांव हातनखेड़ा सोमवार रात ये तीनों मेरठ में एक स्थान पर रुके। इसके बाद मंगलवार की शाम तीनों कार से हसनपुर कोतवाली पहुंचे, जहां गेट पर सादे कपड़ों में पहले से मौजूद बागपत के थाना रमाला के गांव सूप निवासी दरोगा संजय तोमर भी उनकी गाड़ी में सवार हो गया। निवासी सीआरपीएफ इंस्पेक्टर लालाराम यादव को भी गाड़ी में बैठा लिया।खाना और शराब लेकर आया सिपाही प्रमोद

कुछ देर बाद सभी हसनपुर कोतवाली इलाके में झूलपुरी में स्थित खानपुर (उत्तराखंड) के विधायक उमेश शर्मा के फार्म हाउस पर पहुंचे। वहां कुछ कमरे लिए गए। कुछ देर बाद मुजफ्फरनगर के फुगाना थाना इलाके के गांव खेड़ामस्तान निवासी सिपाही प्रमोद कुमार खाना और शराब लेकर वहां पहुंचा। रात में खाना-पीना होने के बाद मोहित, लालाराम और संजय तोमर जबरन युवती के कमरे में घुस आए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद सिपाही प्रमोद अंदर घुसा तो युवती ने हिम्मत करके उसे धक्का देकर बाहर निकाला और कमरा अंदर से लॉक कर लिया। कल रात सीआरपीएफ का एक अधिकारी, स्थानीय थाने का एसआई, एक महिला और एक सीआरपीएफ का जवान फार्म हाउस में पहुंचे। दरोगा ने बताया कि यह अधिकारी गृह मंत्रालय से आए हैं। बड़ी जांच कर रहे हैं। कुछ घंटे यहां रुकेंगे। इसके बाद चले जाएंगे। महिला को भी अधिकारी बताया और उसके साथ मौजूद सीआरपीएफ जवान को महिला अधिकारी का पीएसओ बताया। रात में लोकल थाने की पुलिस पहुंची और सभी को गिरफ्तार कर ले गई है।

## बस में नौ जिंदा जले: 'जूते भी न पहने, धक्का-मुक्की के बीच मुझे...'; ग्रेनो हादसे में बचे लोगों ने बताई कहानी



ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर नोएडा से महोबा जा रही एक स्लीपर बस में यमुना एक्सप्रेसवे पर आग लग गई। आग में नौ यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना में जिंदा बचे यात्रियों ने आपबीती सुनाई है।गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर एयरपोर्ट के पास एक चलती टूरिस्ट बस में अचानक आग लग गई। इस भीषण आग में नौ लोगों की दुखद मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस मौके पर जांच कर रही है।यह हादसा रात करीब 12 बजे हुआ, जब बस नोएडा से लगभग 34 किलोमीटर आगे पहुंची थी। आग लगते ही बस में सवार यात्रियों में भारी अफरा-तफरी मच गई। कुछ यात्रियों ने तुरंत बस से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। कई लोग बस के अंदर ही फंसे रह गए। ग्रेटर नोएडा की जेवर पुलिस के अनुसार, मृतकों में एक महिला और आठ पुरुष शामिल हैं। जेवर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।

एक महिला यात्री ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि वह सो रही थी तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। जागने पर उसने देखा कि वहां पहले से ही बहुत भीड़ थी। उसने अपना कोई सामान नहीं उठाया, यहां तक कि जूते भी नहीं पहने, बस अपना फोन लेकर बाहर निकल आई। इतनी भीड़ थी कि लोग एक-दूसरे को धक्का-मुक्की कर रहे थे। उसे भी धक्के लगे और आखिरकार किसी ने उसे बाहर खींचा। इसके बाद उसे कुछ भी याद नहीं रहा, चारों तरफ धुआं ही धुआं था।



महिला यात्री ने बताया कि बाहर निकलना बहुत मुश्किल था क्योंकि इतना धुआं था कि कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। अंदर फंसे लोग दम घुटने से परेशान थे। बहुत कम लोग ही बच पाए, सिर्फ वही जो धक्का-मुक्की के बीच रास्ता बनाकर बाहर निकल सके। कई लोगों की जान चली गई। उसके पीछे भी काफी लोग थे जो शायद बाहर नहीं निकल पाए, क्योंकि वह खुद भी काफी देर से बाहर निकल पाई थी।

## यूपी: कक्षा आठ तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित, अचानक हुई बारिश से यहां बीएसए ने जारी किया आदेश; पूरा अपडेट




यूपी के गोंडा में बृहस्पतिवार सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए। कुछ ही देर बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम के बदले मिजाज और बारिश को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा आठ तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अमित सिंह ने बारिश और मौसम की स्थिति को देखते हुए कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है। आदेश के बाद परिषदीय विद्यालयों के साथ ही कक्षा आठ तक संचालित अन्य विद्यालयों में भी बच्चों की छुट्टी रहेगी।सुबह अचानक बारिश शुरू होने से स्कूल जाने वाले बच्चों और अभिभावकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के पूर्वानुमान और लगातार बारिश की स्थिति को देखते हुए




## सिरसा में ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्राले की भिड़ंत: दो महिलाओं सहित चार की मौत व कई घायल, पंजाब हेड की ओर जा रहे थे



सिरसा में गांव मल्लेका के पास दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्राले की टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।गांव मल्लेका के पास गुरुवार को सुबह करीब 8:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।, जबकि करीब 30 मजदूर घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ऑटू हेड से नरमा चुनाई के लिए मजदूरों को लेकर पंजाब हेड की ओर जा रही थी। इसी दौरान सिरसा की तरफ से आ रहे एक ट्राले की ट्रॉली से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।बताया जा रहा है कि ट्रॉली में करीब 30 मजदूर सवार थे। हादसे में दो महिला मजदूरों सहित चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई मजदूर घायल हो गए। हादसे के दौरान मल्लेका की ओर से ऐलनाबाद की तरफ आ रहा एक मोटरसाइकिल सवार युवक भी ट्राले की चपेट में आ गया। ट्राला पलटने से युवक उसके नीचे दब गया और उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को उपचार के लिए सिरसा ले जाया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद सड़क पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।30 साल का युवक लवप्रीत गांव मल्लेकां में फास्ट फूड की बस स्टैंड पर रेहड़ी लगाता था। वह पांच बहन भाईयों में सबसे बड़ा था। वीरवार को वह अपनी बाइक पर सिरसा आ था। तभी ट्रक और ट्राली का हादसा हो गया। युवक ने बाइक को सड़क किनारे करने का प्रयास किया मगर ट्रक पलटकर युवक की बाइक पर गिर गया। वह ट्रक के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली तो उनका रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं, महिला बलबीर कौर 55 साल, महिला 24 साल और बिटटू गांव ओटू की मौके पर ही मौत हो गई है।

वहीं, दो घायलों को अग्रोहा मेडिकल रेफर किया गया है और एक निजी अस्पताल सिरसा ले जाया गया है। एक अन्य का सिरसा के निजी अस्पताल में पहले ही उपचार चल रहा है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## दिल्ली में फिर वारदात: त्रिलोकपुरी में नाबालिग को चाकू घोंपा, पुलिस ने हमलावरों को पकड़ा

**दिल्ली में एक नाबालिग को चाकू मारा गया है। यह घटना मयूर विहार थाना क्षेत्र में हुई। घायल नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

मयूर विहार थाना क्षेत्र के त्रिलोक पुरी इलाके में एक नाबालिग को चाकू मारकर घायल कर दिया गया है। घायल नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस वारदात में शामिल हमलावर भी नाबालिग हैं, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया है।बीती की रात करीब 9:30 बजे त्रिलोकपुरी के 30 ब्लॉक में चाकूबाजी की वारदात हुई। मयूर विहार पुलिस स्टेशन को इस संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। 17 वर्षीय पीड़ित को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी हालत अब स्थिर है।पुलिस के अनुसार, एसएचओ मयूर विहार और पुलिस कर्मी तुरंत एलबीएस अस्पताल पहुंचे। एटीओ और इंस्पेक्टर (जांच) घटनास्थल पर गए। प्रारंभिक जांच में पीड़ित और हमला करने वाले चार किशोरों में से एक के बीच पुराने विवाद का खुलासा हुआ। करीब 15 दिन पहले पीड़ित और उसके साथियों ने कथित तौर पर उस किशोर को पीटा था।इसी के प्रतिशोध में, उस किशोर और उसके तीन साथियों ने पीड़ित को रोका और उस पर हमला किया। पीएस मयूर विहार में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।




घटना में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए दो चाकू बरामद किए गए हैं। चार किशोरों में से तीन को पकड़ लिया गया है। चौथे किशोर को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। आगे की जांच चल रही है।



## यूएन में बोले जेलेंस्की: भारत समेत 47 देशों का नाम लेकर कौन सी चेतावनी दी, रूस पर कौन-कौन से आरोप लगाए?




यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत समेत 47 देशों का नाम लेकर दावा किया कि रूस इन देशों के नागरिकों का युद्ध में इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने सरकारों से अपने नागरिकों की सुरक्षा करने और उन्हें युद्ध के मोर्चे पर जाने से रोकने की अपील की। साथ ही रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की मांग की। तो जेलेंस्की ने भारत को लेकर क्या कहा और काला सागर पर भारत की भूमिका क्यों बताई?

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत समेत 47 देशों के नागरिकों का मुद्दा उठाया है। जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस इन देशों के नागरिकों का इस्तेमाल युद्ध में कर रहा है। उन्होंने भारत और अन्य देशों की सरकारों से अपने नागरिकों की सुरक्षा करने और उन्हें युद्ध के मोर्चे तक पहुंचने से रोकने की अपील की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के खिलाफ दबाव बढ़ाने के लिए उसके पैसे और युद्ध क्षमता को सीमित करना जरूरी है।

**जेलेंस्की ने भारत समेत 47 देशों से क्या कहा?**

जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि रूस 47 देशों के नागरिकों का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कर रहा है। उन्होंने भारत, घाना, नेपाल, ताजिकिस्तान, यमन, केन्या, जिम्बाब्वे, क्यूबा, बेलारूस, सूडान और दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों का नाम लिया। जेलेंस्की ने कहा कि इन देशों के नागरिकों को कथित तौर पर धोखे और चालाकी के जरिए रूस ले जाया गया और वे युद्ध के मैदान में मारे जा रहे हैं। उन्होंने इन देशों के प्रतिनिधियों से सीधे कहा कि वे अपने नागरिकों की देखभाल करें और उन्हें किसी दूसरे मोर्चे पर जाने से रोकें।

**जेलेंस्की ने पुतिन को लेकर क्या चेतावनी दी?**

जेलेंस्की ने कहा कि संबंधित देशों को अपने नागरिकों को इस युद्ध में और आगे जाने से रोकना चाहिए। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी देश को उन्हें अपने नागरिकों को युद्ध में घसीटने नहीं देना चाहिए। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि रूस को युद्ध जारी रखने के लिए मिलने वाले पैसे और काम करने की क्षमता को सीमित किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि जो देश रूस के साथ व्यापार के जरिये उसे ज्यादा पैसा देते हैं, वे उनके अनुसार युद्ध को और लंबा चलने का रास्ता देते हैं।

**रूस के खिलाफ और क्या कदम उठाने की अपील की?**

जेलेंस्की ने रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि रूस की आय के स्रोतों को सीमित करना युद्ध को जारी रखने की उसकी क्षमता को कम करने के लिए जरूरी है। उन्होंने अमेरिका के रूस पर लगाए गए नए प्रतिबंधों का हवाला देते हुए अन्य देशों से भी इसी तरह के कदम उठाने की अपील की। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लिए आने वाली सर्दी मुश्किल हो सकती है और अगर रूस की ओर से हमले जारी रहते हैं तो यूक्रेन भी जवाब देगा। उन्होंने रूस के युद्ध को रोकने के लिए पुतिन की कार्रवाई की क्षमता सीमित करने पर जोर दिया।

**भारत की भूमिका का जेलेंस्की ने कैसे जिक्र किया?**

जेलेंस्की ने भारत का नाम केवल रूसी युद्ध में नागरिकों के इस्तेमाल के आरोप के संदर्भ में ही नहीं लिया, बल्कि काला सागर में तनाव कम करने के प्रयासों में भारत की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत, मिस्र और तुर्किये ने काला सागर में सुरक्षित व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए प्रस्ताव दिए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन समुद्री युद्धविराम का समर्थन करने के लिए तैयार है और अब रूस के जवाब का इंतजार कर रहा है। काला सागर से अनाज और दूसरी जरूरी वस्तुओं की आवाजाही होती है, इसलिए वहां सुरक्षित व्यापार का मुद्दा कई देशों के लिए अहम है।

**सर्दियों से पहले यूक्रेन किन चुनौतियों से जूझ रहा है?**

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के सामने आने वाली सर्दी कठिन हो सकती है। उन्होंने रूस के लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों के बीच यूक्रेन के लिए हवाई सुरक्षा मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उनके अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई बैठक में यूक्रेन की हवाई सुरक्षा और पैट्रियट मिसाइलों के उत्पादन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि युद्ध को लंबा खिंचने से रोकने के लिए रूस पर दबाव बढ़ाना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने भारत समेत उन 47 देशों से अपने नागरिकों को युद्ध से दूर रखने की अपील दोहराई।

## आंख रगड़ना पड़ सकता है भारी: चिमटी या टूथपिक से कण निकालने की कोशिश न करें; जानें साफ करने का सुरक्षित तरीका




क्या आपने कभी सोचा है कि आंख रगड़ना भारी पड़ सकता है। आंख में धूल, मिट्टी या छोटा कण जाने पर आंख रगड़ने से बचें। धीरे-धीरे पलक झपकाएं। इसके साथ ही चिमटी या किसी नुकीली चीज से कण निकालने की कोशिश न करें। आईए जानते हैं कि आंख साफ करने का सुरक्षित तरीका क्या है? आंख में धूल, मिट्टी, पलक या कोई छोटा कण चला जाना आम समस्या है। ऐसे में आंख में जलन, किरकिराहट, दर्द, पानी आना, धुंधला दिखाई देना और तेज रोशनी से परेशानी हो सकती है। अक्सर लोग तुरंत आंख रगड़ने लगते हैं या उंगली, चिमटी जैसी चीजों से कण निकालने की कोशिश करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसा करना आंख के लिए नुकसानदायक हो सकता है। द गार्जियन में प्रकाशित विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार, आंख में कुछ चले जाने पर उसे सुरक्षित तरीके से निकालना और सही समय पर डॉक्टर को दिखाना बेहद जरूरी है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डगलस लाजारो के अनुसार पलक, रेत या मस्कारा जैसे छोटे कण कई बार लगातार पलक झपकाने और आंखों में बनने वाले प्राकृतिक आंसुओं से बाहर निकल जाते हैं। इसलिए सबसे पहले आंख को रगड़ने के बजाय कुछ बार धीरे-धीरे पलक झपकाएं।अगर कण बाहर न निकले तो हाथ अच्छी तरह धोएं और पर्याप्त रोशनी वाली जगह पर आंख को देखें। निचली पलक को साफ उंगलियों से धीरे से नीचे खींचकर कण की स्थिति देखी जा सकती है। अगर वस्तु छोटी है और आंख में धंसी नहीं है, तो कृत्रिम आंसू डालकर आंख को धोने की कोशिश की जा सकती है। अगर इसके बाद भी कण न निकले या आंख में लगातार परेशानी बनी रहे तो खुद निकालने के बजाय नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें।

**आंख में केमिकल चला जाए तो तुरंत करें ये काम**

अगर आंख में डिटर्जेंट, कीटाणुनाशक, ब्लीच, अमोनिया या ड्रेन क्लीनर जैसे रसायन चले जाएं तो स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है। मेयो क्लिनिक के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कीथ बाराट्ज के अनुसार ऐसी स्थिति में आंख को तुरंत साफ बहते पानी से धोना चाहिए।केमिकल आंख में जाने के बाद इलाज के लिए जाने से पहले आधे घंटे या उससे अधिक इंतजार नहीं करना चाहिए। पानी से आंख धोने के बाद भी डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है, क्योंकि आंख को नुकसान पहुंचने की प्रक्रिया पानी से धोने के बाद भी जारी रह सकती है।

**कब आंख के डॉक्टर को दिखाना जरूरी है**

अगर कोई वस्तु आंख में धंसी हुई है, कॉर्निया में फंसी है या आंख से चिपकी हुई दिखाई दे रही है तो उसे खुद निकालने की कोशिश न करें। डॉक्टर विशेष उपकरणों की मदद से इसे सुरक्षित तरीके से निकाल सकते हैं।कण निकालने के बाद भी अगर आंख में दर्द, लालिमा, सूजन, लगातार पानी आना, जलन या धुंधला दिखाई देना जारी रहे तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, 24 घंटे के भीतर स्थिति में सुधार नहीं होने पर भी नेत्र चिकित्सक को दिखाना जरूरी है।

**आंख रगड़ना और चिमटी से निकालना क्यों खतरनाक**

आंख में कुछ चले जाने पर उसे जोर से रगड़ना सबसे आम गलतियों में से एक है। इससे मौजूद कण कॉर्निया में और गहराई तक जा सकता है और आंख की सतह पर खरोंच लग सकती है। हाथों के जरिए बैक्टीरिया आंख में पहुंचने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।चिमटी, सुई, टूथपिक या किसी नुकीली वस्तु से आंख से कण निकालने की कोशिश बिल्कुल न करें। इससे आंख में गंभीर चोट लग सकती है।

**कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं तो रखें खास सावधानी**

आंख में जलन या चोट होने पर कॉन्टैक्ट लेंस लगाए रखना या उन्हें तुरंत दोबारा पहन लेना भी समस्या बढ़ा सकता है। जब तक आंख पूरी तरह ठीक न हो जाए, कॉन्टैक्ट लेंस के बजाय चश्मे का इस्तेमाल करना बेहतर है।

**आंखों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा चश्मा पहनें**

घास काटने, निर्माण कार्य, लकड़ी या धातु पर काम करने जैसी गतिविधियों में सामान्य चश्मे के बजाय सुरक्षा चश्मे का इस्तेमाल करना चाहिए। छोटे कण सामान्य चश्मे के नीचे से भी आंख तक पहुंच सकते हैं।

## आईआईटी बॉम्बे छात्र आत्महत्या मामला: राहुल गांधी ने साहिल के परिजनों से की बात, न्याय के लिए दिया मदद का भरोसा

आईआईटी बॉम्बे छात्र साहिल वाकोडे की मौत के मामले में राहुल गांधी ने उसके परिवार से फोन पर बात कर समर्थन और हर संभव मदद का भरोसा दिया है। परिवार ने कुछ प्रोफेसरों और अधिकारियों पर जातिगत भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए हैं। क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। आईआईटी ने अपने शुरुआती बयान पर बाद में माफी भी मांगी। आखिर साहिल के परिवार ने किन लोगों पर कार्रवाई की मांग की? आइए, विस्तार से जानते हैं कि जांच फिलहाल कहां तक पहुंची?




आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की मौत का मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी चर्चा में है। महाराष्ट्र कांग्रेस के मुताबिक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साहिल के परिवार से फोन पर बात की और न्याय की मांग में हर संभव मदद का भरोसा दिया। साहिल के परिवार ने आईआईटी बॉम्बे प्रशासन और कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच कर रही है और परिवार ने नामजद लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है।

**राहुल गांधी ने साहिल के परिवार से क्या कहा?**

महाराष्ट्र कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने साहिल के परिवार से फोन पर बातचीत की। उन्होंने परिवार को न्याय की लड़ाई में समर्थन देने और हर संभव मदद का भरोसा दिया। साहिल के परिवार का कहना है कि उनके बेटे ने मौत से कुछ दिन पहले फोन पर जाति के आधार पर कथित भेदभाव और अपमान की शिकायत की थी। परिवार ने इसी आधार पर आईआईटी बॉम्बे के कुछ अधिकारियों और शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इन आरोपों की जांच अभी जारी है।

**साहिल के परिवार ने किन लोगों पर कार्रवाई की मांग की?**

साहिल के माता-पिता रविंद्र वाकोडे और सोनाली वाकोडे मंगलवार को मुंबई क्राइम ब्रांच के कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने प्रोफेसर सूर्यनारायण डूला और आईआईटी बॉम्बे के निदेशक शिरीष केदारे के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। परिवार का आरोप है कि साहिल को जाति के आधार पर अपमान और दबाव का सामना करना पड़ा था। प्रोफेसर डूला का नाम दर्ज एफआईआर में है और उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप दर्ज किए गए हैं।

**साहिल की मौत से पहले क्या हुआ था?**

साहिल महाराष्ट्र के यवतमाल जिले का रहने वाला 22 वर्षीय छात्र था और आईआईटी बॉम्बे के ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में दूसरे वर्ष में पढ़ रहा था। परिवार के अनुसार, उसने 13 सितंबर को अपने माता-पिता से मुलाकात की थी और कुछ दिन बाद फोन कर कथित जातिगत भेदभाव की शिकायत की। 18 सितंबर को वह पवई परिसर स्थित छात्रावास के कमरे में मृत मिला। इसके बाद परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ और 19 सितंबर को जांच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई। मामले को लेकर परिसर में छात्रों ने प्रदर्शन भी किए।

**आईआईटी बॉम्बे ने पहले के बयान पर क्या कहा?**


साहिल की मौत के बाद आईआईटी बॉम्बे ने पहले एक बयान में परीक्षा में चैटजीपीटी के इस्तेमाल और कथित नकल से जुड़ी बात कही थी। बाद में संस्थान ने अपने उस बयान को वापस लेते हुए माफी मांगी। संस्थान ने कहा कि मौत से पहले की घटनाओं का विवरण जांच पूरी होने से पहले तय करना उचित नहीं था।

इसके बाद प्रोफेसर सूर्यनारायण डूला को प्रशासनिक मामलों के डीन पद से हटा दिया गया और बाद में जांच को निष्पक्ष बनाने के लिए उन्हें अवकाश पर भेजे जाने की जानकारी सामने आई। आईआईटी बॉम्बे फैकल्टी फोरम ने डूला का समर्थन करते हुए कहा है कि संस्थान में एससी-एसटी सेल मौजूद है, लेकिन साहिल ने किसी प्रोफेसर के खिलाफ वहां शिकायत नहीं की थी।

**अब मामले में आगे क्या होगा?**

मामले की जांच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच कर रही है। जांच एजेंसियां घटनाक्रम को समझने के लिए उपलब्ध सबूतों और परिसर से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रही हैं। परिवार लगातार नामजद लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है, जबकि दूसरी ओर आरोपों की सच्चाई जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। महाराष्ट्र कांग्रेस ने बताया है कि युवा कांग्रेस भी इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाली है। ऐसे में साहिल की मौत, परिवार के आरोप, आईआईटी बॉम्बे के शुरुआती बयान में बदलाव और क्राइम ब्रांच की जांच अब पूरे मामले के प्रमुख केंद्र बन गए हैं।

## भारत में क्या है मौसम का हाल?: विदाई से पहले फिर बदला मानसून, एमपी-यूपी में बारिश तो राजस्थान में बढ़ी गर्मी




मानसून की विदाई का समय नजदीक आते ही देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बारिश का एक और दौर शुरू होने वाला है, जबकि राजस्थान में मानसून की वापसी के साथ गर्मी ने जोर पकड़ लिया है। हिमाचल प्रदेश में भी पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश और तेज हवाओं का दौर आने की संभावना है। मध्य प्रदेश में 25 और 26 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश का अनुमान है, जबकि उत्तर प्रदेश में 26 सितंबर को कई इलाकों में अति भारी बारिश का अलर्ट है।

**मध्य प्रदेश में फिर बारिश क्यों बढ़ेगी?**

मध्य प्रदेश में बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के कारण बारिश की गतिविधियां बढ़ने वाली हैं। 25 और 26 सितंबर को पूर्वी मध्य प्रदेश में इसका ज्यादा असर रहने का अनुमान है। गुरुवार को छतरपुर, पन्ना, सतना, उमरिया, शहडोल, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर समेत कई अन्य जिलों में भी बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक 870.5 मिलीमीटर यानी 34.3 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य 36.7 इंच से 2.4 इंच कम है। यानी बारिश करीब सात प्रतिशत कम है। 23 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है, जबकि पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में कमी 8 से 50 प्रतिशत तक है।

## संस्कृत के 'ओजस' से निकला नाम: बागवानी से कतार वाली फसलों तक, खेती का नया साथी बना महिंद्रा ओजा ट्रैक्टर




**ओजा ट्रैक्टर और इसमें इस्तेमाल खास टेक्नोलॉजी किसानों के लिए कैसे उपयोगी?**

ओजा रेंज का सबसे अहम पहलू इसका कॉम्पैक्ट और हल्का डिजाइन है, क्योंकि हॉर्टिकल्चर में यह देखना जरूरी है कि जगह के हिसाब से किस साइज के ट्रैक्टर की जरूरत है। इससे जुड़ी अन्य जरूरतें क्या हैं। हॉर्टिकल्चर की इन बुनियादी जरूरतों को देखते हुए खास तरह से स्टडी कर ओजा रेंज को विकसित किया गया है। ओजा ट्रैक्टरों में अपनी कैटेगरी में बेहतर पावर-टू-वेट रेश्यो के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी और खेती के अलग-अलग औजारों के साथ काम करने की क्षमता दी गई है, जो किसानों के लिए उपयोगी साबित हो। इसका कॉम्पैक्ट आकार और बेहतर मैन्युवरेबिलिटी इसे ऐसे खेतों में उपयोगी बनाता है, जहां बड़े ट्रैक्टरों को चलाना मुश्किल होता है।डेवलपमेंट फेज से ही हम लोग स्पष्ट थे कि ओजा रेंज को ग्लोबल मार्केट में ले जाना है, क्योंकि भारत के बाहर हॉर्टिकल्चर काफी विकसित हो चुका है, जबकि देश में रफ्तार पकड़ रहा है। विदेश में जो डेवलपमेंट हो चुका है, उनका स्टडी कर भारतीय हालात को समझते हुए हमलोगों ने देश में ही एक ऐसा ग्लोबल प्लेटफॉर्म तैयार किया, जिसका विकसित व विकासशील देशों के साथ भारत के हॉर्टिकल्चर क्षेत्र में अपने तरह से इस्तेमाल हो सके।चूंकि, इसे पूरी दुनिया के लिए टारगेट किया गया था, इसलिए इसे दक्षिण अफ्रीका में लॉन्च किया गया था।

महिंद्रा ट्रैक्टर्स की ओजा रेंज को हॉर्टिकल्चर, फलों के बाग, गन्ना, इंटरकल्चरल खेती और कतार वाली फसलों जैसी विशेष खेती की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। महिंद्रा ट्रैक्टर्स के सीईओ हर्ष राय के मुताबिक, पहली तिमाही में ट्रैक्टर बाजार में 18-19 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली, हालांकि कंपनी भविष्य को लेकर मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों पर सतर्क है।महिंद्रा एंड महिंद्रा के ट्रैक्टर ब्रांड महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने हाल ही में अपने महिंद्रा ओजा रेंज के तीन साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस रेंज के कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर को आधुनिक और खास तरह की खेती के लिए विकसित किया गया है। यह विशेष रूप से हॉर्टिकल्चर यानी बागवानी, फलों के बाग, गन्ना, इंटरकल्चरल खेती और कतार वाली फसलों के लिए उपयोगी है। कंपनी का दावा है कि ओजा ट्रैक्टर उत्पादकता बढ़ाने के साथ किसानों के आराम का भी ध्यान रखता है। इसके नाम के पीछे की क्या कहानी है और यह किसानों के लिए कैसे उपयोगी है, इन मुद्दों पर महिंद्रा ट्रैक्टर्स के सीईओ हर्ष राय से अमर उजाला की खास बातचीत...ओजा संस्कृत के ओजस शब्द से लिया गया है, तो तेज को प्रदर्शित करता है। जिस तरह संस्कृत हमारी संस्कृति में गहराई तक समाया हुआ है, ओजा रेंज के कॉम्पैक्ट ट्रैक्टर को लेकर भी ऐसी ही उम्मीदें हैं।

## एनएसई शेयर लिस्टिंग: सुस्त लिस्टिंग के बावजूद बना देश का लिस्टेड एक्सचेंज, 1,800 रुपये पर लिस्ट हुए शेयर

**एनएसई का शेयर बीएसई पर ₹1,800 पर लिस्ट हुआ, जो इश्यू प्राइस से 0.8% प्रीमियम पर है। ₹4.45 लाख करोड़ के मार्केट कैप के साथ एनएसई बना देश का दूसरा लिस्टेड एक्सचेंज। जानिए आईपीओ डिटेल्स और वैल्यूएशन। पूरी खबर पढ़ें**




लंबे समय से नियामकीय बाधाओं और कानूनी प्रक्रियाओं का सामना कर रहे देश के प्रमुख शेयर बाजार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के शेयरों की आखिरकार बीएसई (बीएसई) पर औपचारिक शुरुआत हो गई है। गुरुवार को बाजार में ट्रेडिंग की शुरुआत के साथ ही एनएसई के शेयर अपने इश्यू प्राइस से महज मामूली बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। एनएसई के शेयर 1,785 रुपये प्रति शेयर के इश्यू प्राइस के मुकाबले 0.8 फीसदी के मामूली प्रीमियम के साथ 1,800 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए हैं। इस सुस्त लिस्टिंग के बावजूद, बाजार में कदम रखते ही एनएसई ने 4.45 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बाजार पूंजीकरण हासिल कर लिया है। इसके साथ ही एनएसई भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाला देश का दूसरा स्टॉक एक्सचेंज बन गया है।

**शेयर बाजार में एनएसई के शेयरों की कैसी रही लिस्टिंग?**

बीएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के शेयर शुरुआती कारोबारी सत्र में निवेशकों को सीमित लिस्टिंग गेन ही दे सके।

**वास्तविक लिस्टिंग:** हालांकि, जब गुरुवार को बीएसई पर ट्रेडिंग शुरू हुई, तो वास्तविक लिस्टिंग प्रीमियम महज 0.8 फीसदी ही रहा, जो ग्रे मार्केट के अनुमानों और दावों से पीछे छूट गया।

बीएसई के मुकाबले कितना बड़ा है एनएसई का मार्केट कैप?

भले ही लिस्टिंग प्रीमियम बहुत अधिक न रहा हो, लेकिन वैल्यूएशन और मार्केट कैप के लिहाज से एनएसई ने प्रतिद्वंद्वी एक्सचेंज बीएसई को काफी पीछे छोड़ दिया है।

**एनएसई का वैल्यूएशन:** लिस्टिंग के समय एनएसई का कुल बाजार पूंजीकरण ₹4.45 लाख करोड़ से अधिक दर्ज किया गया।

**बीएसई की तुलना:** इसके मुकाबले देश का पहला लिस्टेड एक्सचेंज बीएसई (बीएसई) वर्तमान में केवल ₹1.33 लाख करोड़ का मार्केट कैप रखता है।

**क्षेत्रीय स्थिति:** इस प्रकार, बाजार पूंजीकरण के मामले में एनएसई अब बीएसई से तीन गुना से भी अधिक बड़ा एक्सचेंज बनकर उभरा है।

## आज से मूल सीमा शुल्क में कटौती:

### खाद्य तेल सस्ता होने का अनुमान, केंद्र सरकार ने घटाया आयात शुल्क



केंद्र सरकार ने कच्चे और रिफाइंड सोयाबीन, पाम और सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क घटाया है। यह बदलाव 24 सितंबर, 2026 से प्रभावी होगा, जिससे खाद्य तेलों की कीमतें कम होने की उम्मीद है।केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क घटाया है। कच्चे सोयाबीन और पाम तेल पर शुल्क 10 से 5 फीसदी, जबकि रिफाइंड पर 32.5 से 27.5 फीसदी हुआ। कच्चे सूरजमुखी तेल पर शुल्क 10 फीसदी से शून्य, और रिफाइंड पर 32.5 से 22.5 फीसदी किया गया। ये बदलाव आज यानी 24 सितंबर से प्रभावी हो गए हैं।खाद्य तेलों पर सीमा शुल्क घटाया, क्या उपभोक्ताओं को मिलेगी महंगाई से राहत?

केंद्र सरकार की अधिसूचना के मुताबिक सोयाबीन, पाम और सूरजमुखी तेल सहित विभिन्न खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (BCD) में कटौती की गई है। सरकार का लक्ष्य खाद्य तेलों की कीमतों को कम करके उपभोक्ताओं को राहत देना है। इससे समग्र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी।अधिसूचना के अनुसार, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे पाम तेल पर BCD 10 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड पाम तेल पर शुल्क 32.5 फीसदी से घटाकर 27.5 फीसदी किया गया है। कच्चे सूरजमुखी तेल पर BCD 10 फीसदी से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वहीं, रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर शुल्क 32.5 फीसदी से घटाकर 22.5 फीसदी किया गया है।क्या है सरकार का उद्देश्य? उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि आयात शुल्क में कमी से खाद्य तेलों की लैंडेड लागत और खुदरा कीमतें घटेंगी। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और कुल मुद्रास्फीति कम होगी। यह कदम घरेलू रिफाइनिंग को भी बढ़ावा देगा। साथ ही, किसानों के लिए उचित मुआवजा बनाए रखने में मदद करेगा। 2025 में भी केंद्र ने कच्चे खाद्य तेलों, जैसे सूरजमुखी, सोयाबीन और पाम तेल पर BCD 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी किया था। उस समय कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच आयात शुल्क अंतर 8.75 फीसदी से 19.25 फीसदी था।वित्त मंत्रालय की अगस्त 2026 की मासिक आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की खाद्य मुद्रास्फीति में बदलाव आया है। प्रोटीन युक्त वस्तुएं, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और खाद्य तेल मूल्य दबाव के प्रमुख कारण बने हैं।

## चांदी कराएगी चांदी: अगली दिवाली तक 71% तक बढ़ सकती हैं कीमतें: रिपोर्ट में लगाए अनुमान को जान हैरान होंगे आप

केडिया एडवाइजरी की दिवाली 2027 सिल्वर रिपोर्ट के मुताबिक, औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी और सीमित खनन आपूर्ति के चलते चांदी में तेजी की संभावना है। रिपोर्ट में अगले छह महीनों में अंतरराष्ट्रीय कीमत 85-90 डॉलर और दिवाली 2027 तक 120 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है।त्योहारी सीजन और शादियों के मौसम से पहले अगर आप निवेश का सुरक्षित और मुनाफे वाला विकल्प तलाश रहे हैं, तो कीमती धातुओं में चांदी इस बार निवेशकों को मालामाल करने का दम दिखा रही है। केडिया एडवाइजरी की ताजा दिवाली 2027 सिल्वर रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर औद्योगिक मांग में भारी उछाल और खदानों से सीमित आपूर्ति के कारण चांदी के तेवर आने वाले दिनों में और तीखे होने वाले हैं।छह महीने में 90 डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार, चांदी के अंतरराष्ट्रीय बाजार भावों में आने वाले महीनों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के भाव अगले छह महीनों में 85 से 90 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान है। अभी कॉमेक्स पर चांदी का भाव 65 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ है।






दिवाली 2027 तक 120 डॉलर का लक्ष्य

दीवाली 2027 तक चांदी का अंतरराष्ट्रीय भाव 120 डॉलर प्रति औंस के लक्ष्य को छू सकता है। मुद्रा (रुपये-डॉलर के उतार-चढ़ाव), आयात शुल्क और प्रीमियम के गणित को देखें तो सितंबर 2026 के लगभग 2.34 लाख रुपये प्रति किलो के बेंचमार्क भाव से बढ़कर घरेलू बाजार में चांदी 4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक जा सकती है, जो मौजूदा भाव से करीब 71 फीसदी की बड़ी तेजी का संकेत है।

**तेजी के पीछे ये हैं प्रमुख कारण**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया का मानना है कि इस बार चांदी की तेजी केवल धारणा पर आधारित नहीं है, बल्कि इसके पीछे मजबूत आर्थिक और औद्योगिक कारण हैं।

***लगातार छठे साल चांदी की कमी***

2026 में वैश्विक स्तर पर चांदी की मांग और आपूर्ति के बीच 4.63 करोड़ औंस का भारी घाटा रहने का अनुमान है। यह लगातार छठा साल है जब वैश्विक बाजार में चांदी की कमी बनी हुई है।

***खदानों से उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं***

चांदी की कीमतें ऊंची होने के बावजूद खदानों से इसका उत्पादन तेजी से नहीं बढ़ रहा है। 2026 में उत्पादन घटकर 84.41 करोड़ औंस रहने का अनुमान है। इसकी वजह यह है कि कुल चांदी उत्पादन का केवल एक-चौथाई हिस्सा ही प्राथमिक खदानों से आता है, बाकी तांबा, जस्ता और सीसा खनन के उप-उत्पाद के रूप में निकलता है।

## सोने की चमक फीकी पड़ी: दिल्ली में 200 रुपये गिरा 10 ग्राम का भाव, चांदी 5000 प्रति किलो लुढ़की; जानिए क्या वजह




**सोने-चांदी की कीमतों पर किन ताकतों का असर है?**

ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि सोना और चांदी प्रतिस्पर्धी ताकतों के बीच फंसे हुए हैं। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियां और बढ़ती महंगाई की चिंताएं इसका एक कारण हैं। इससे बॉन्ड प्रतिफल और अमेरिकी डॉलर मजबूत बने हुए हैं। इन कारकों ने बहुमूल्य धातुओं पर दबाव डाला है। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने बहुमूल्य धातुओं की मांग को समर्थन दिया है।व्यापारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 15 पैसे की वृद्धि हुई। रुपया 95.81 पर पहुंच गया। शेयर बाजारों में लाभ ने भी बहुमूल्य धातुओं को प्रभावित किया। निवेश प्लेटफॉर्म मुद्रेक्स के लीड क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें लगातार चौथे सत्र में गिरी हैं। इस गिरावट से महंगाई का दबाव कम हुआ है। सोना लगभग 4,350 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा है।गौरव गर्ग ने बताया कि डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 100 अमेरिकी डॉलर से नीचे फिसल गया। निवेशकों ने सऊदी शिपमेंट की संभावित रिकवरी का आकलन किया। इससे बाजार में आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद जगी। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी हमले और आपूर्ति में व्यवधान एक प्रमुख जोखिम बने हुए हैं।

दिल्ली में सोने के दाम 200 रुपये गिरे, जबकि चांदी 5,000 रुपये सस्ती हुई। रुपये की मजबूती, वैश्विक रुझानों में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने बहुमूल्य धातुओं पर दबाव डाला। जानें बाजार के उतार-चढ़ाव के कारण।सप्ताह की शुरुआत में सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना 200 रुपये सस्ता हो गया। यह 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक रुझानों में नरमी और रुपये की मजबूती के कारण यह गिरावट आई।शुक्रवार को 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी में भी तेज गिरावट देखी गई। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये गिरकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें सभी कर शामिल हैं। पिछले सत्र में चांदी 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर थी।



## द बोनस मार्केट अपडेट: सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछला, निफ्टी 23,350 के पार पहुंचने में सफल

भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछला और निफ्टी 23,350 के पार पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और सऊदी पाइपलाइन मरम्मत से बाजार को राहत मिली है। अल्ट्राटेक और एशियन पेंट्स जैसे शेयरों में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई।भारतीय शेयर बाजार में आज जोरदार तेजी देखने को मिली। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछलकर 74,683.98 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी भी 23,350 के स्तर को पार करते हुए 23,380.85 पर कारोबार करता दिखा। यह उछाल निवेशकों के लिए राहत लेकर आया है।बाजार में यह सकारात्मक रुख पिछले तीन सत्रों से बना हुआ है। अल्ट्राटेक और एशियन पेंट्स जैसे बड़े शेयरों में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी ने बाजार को सहारा दिया है। सऊदी पाइपलाइन की मरम्मत में हुई प्रगति से आपूर्ति बाधित होने की चिंताएं कम हुई हैं। वैकल्पिक निर्यात मार्गों की उपलब्धता ने भी बाजार को मजबूती दी है। विश्लेषकों का मानना है कि कई कारक बाजार को आगे बढ़ा रहे हैं।




**बाजार को राहत क्यों मिली?**

भारतीय बाजारों को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से राहत मिली है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट इसका एक प्रमुख कारण है। सऊदी पाइपलाइन की मरम्मत का काम तेजी से आगे बढ़ा है। इससे तेल आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की आशंका कम हुई है। इसके अलावा, तेल निर्यात के लिए नए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध हो गए हैं। इन सभी कारणों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है।

**आगे बाजार की चाल कैसी रहेगी?**

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में वृद्धि का दौर अब निवेशकों के लिए समाप्त हो गया है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में भी कमी आई है। कच्चे तेल की नरम कीमतें और घरेलू बाजार में मजबूत तरलता बाजार को सहारा दे सकती है। इन कारणों से बाजार में सतर्कता के साथ सकारात्मक रुझान बना रह सकता है।

# बिग बॉस 20: सलमान खान पर क्यों नाराज हुए सुनील पाल? बिग बॉस' को बताया 'कलंकित' शो कहा- 'भाईजान इसे बंद करिए'

## सलमान पर क्यों भड़के सुनील पाल?



Sunil Pal Big Statement On Bigg Boss: रियलिटी शो 'बिग बॉस' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। सलमान खान इसके होस्ट हैं। इन दिनों इस का 20वां सीजन चल रहा है। इस बीच कॉमेडियन सुनील पाल ने बिग बॉस शो पर बड़ा बयान देते हुए इसे 'गटर शो' कहा है। उन्होंने इसे बंद कराने की अपील की है। इन दिनों 'बिग बॉस 20' प्रसारित हो रहा है। इस बार भी बतौर होस्ट सलमान खान ने कमान संभाली है। बीते दिनों उन्होंने सितारों की सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग पर नाराजगी जाहिर की थी। लुक्स और कद-काठी को लेकर सितारों की ट्रोलिंग पर गुस्सा जताते हुए सलमान खान ने शो के बीच अपनी टीशर्ट उतार दी थी और करारा जवाब दिया था। इस बीच कॉमेडियन सुनील पाल ने बिग बॉस पर रिएक्शन दिया है। सुनील पाल ने हाल ही में पैपराजी से बात करते हुए कहा कि इस शो का हर बंदा ट्रोलिंग का हकदार है। साथ ही उन्होंने सलमान खान से भी इस शो को बंद कराने की अपील की। सुनील पाल ने गुस्सा जताते हुए 'बिग बॉस' को 'कलंकित' और 'गटर शो' तक कह दिया। सुनील पाल ने कहा, 'बिग बॉस का कोई भी बंदा ट्रोल किए जाने का ही हकदार है। चाहें वह सलमान खान हों, या कोई प्रतिभागी हो'। सुनील पाल ने आगे कहा, 'समाज जिनकी वजह से बिग लॉस में हैं, उन 'छपरियों' को स्टार बनाया जाता है, बिग बॉस में। मैं समझता हूं कि सलमान खान पिछले 17 साल से जो यह संस्कारी शो कर रहे हैं, उसका नाम बिग 'बास' है'। कॉमेडियन ने बिग 'बास' कहते हुए दुर्गंध आने वाला रिएक्शन दिया। सुनील ने आगे कहा, 'भाईजान ये 'गटर शो' पहले बंद कीजिए। एक से एक कांड वाले लड़के-लड़कियां वहां आते हैं। हर हर गंगे, सब के सब नंगे'। बीते दिनों सलमान खान ने 'बिग बॉस 20' को होस्ट करते हुए टीशर्ट उतारी थी। उस पर रिएक्शन देते हुए सलमान खान ने कहा, 'आप तो भैया सुविधा के हिसाब से बनियान और बयान बदलेंगे तो अच्छा नहीं लगेगा। सलमान भाई मान जाइए। इस तरह की बात आपको सूट नहीं करतीं। बिग बॉस दुनिया का सबसे 'कलंकित' शो है, सबसे 'नालयक' शो है'।अपनी टिप्पणी पर सलमान की नाराजगी को लेकर वे आश्वस्त दिखे कि वे बुरा नहीं मानेंगे। सुनील पाल ने कहा, 'सलमान खान को हमने बनाया है। सलमान ने हमें नहीं बनाया है। सलमान खान स्टार हम सबकी वजह से हैं। जनता की वजह से। हमने उनकी सैंकड़ों फिल्में देखी हैं। वे इसका बुरा नहीं मानेंगे। सलमान भाई, अक्षय कुमार, शाहरुख खान सब लोग सबक ले लीजिए। आप लोगों का टाइम पास बहुत ज्यादा चल रहा है'। शर्म आनी चाहिए। आप इतने बड़े स्टार हैं'।

# सुनीता आहूजा: शादी में अनबन के बीच गोविंदा की पत्नी ने क्यों लिया शाहरुख का नाम? चीची से रिश्ते पर कही ये बात



Ssunita Ahuja Expressed Admiration For SRK: गोविंदा और सुनीता आहूजा की शादीशुदा जिंदगी उतार-चढ़ाव से गुजर रही है। इस बीच सुनीता ने शाहरुख खान के प्रति अपनी पसंद का इजहार किया है। बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के दीवानों की कमी नहीं है। देश-दुनिया में करोड़ों लोग उनके फैंस हैं। इस लिस्ट में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा भी शामिल हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने शाहरुख की तारीफ की। साथ ही उनके प्रति अपनी पसंद का इजहार किया। इसके अलावा गोविंदा के साथ अपनी 38 साल की शादी को लेकर भी बात की। हाल ही में एक टॉक शो में सुनीता आहूजा ने इंडस्ट्री के अपने साथियों में शाहरुख खान को अपनी पहली पसंद बताया। दरअसल, सुनीता आहूजा हाल ही में टॉक शो 'व्हाई नॉट विद MNL' के सीजन 3 में शामिल हुईं। सुनीता से रैपिड-फायर सेगमेंट के दौरान इंडस्ट्री के तीन चर्चित सितारों का नाम लेते हुए एक मजेदार काल्पनिक स्थिति के बारे में पूछा गया। सुनीता से काल्पनिक 'वन नाइट स्टैंड' के लिए शाहरुख खान, शाहिद कपूर और हर्षवर्धन राणे में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया। गोविंदा की पत्नी ने बेझिझक शाहरुख खान का नाम लिया। साथ ही उन्होंने कहा, 'आप कुछ भी पूछिए। मेरी पहली पसंद हमेशा शाहरुख खान ही होंगे'। सुनीता आहूजा ने इस बीच अपनी निजी जिंदगी पर भी बात की। अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करते हुए सुनीता ने साफ किया कि उन्हें गोविंदा से अपनी शादी को लेकर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने गोविंदा को एक शानदार और ईमानदार इंसान बताया। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे कोई पछतावा नहीं है। जब मैं गोविंदा से मिली थी, तो वे बहुत अच्छे इंसान थे। बहुत ईमानदार थे। मैं बहुत इमोशनल इंसान हूं। लोगों को लगता है कि मैं बहुत सख्त हूं, लेकिन मैं जो कुछ भी कहती हूं, दिल से कहती हूं।

# एमी पुरस्कार: वीर दास की 'फूल वॉल्यूम' को मिला नामांकन मानव कौल की 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' भी रेस में शामिल

International Emmy Award: वीर दास को 'फूल वॉल्यूम' के लिए इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेशन मिला है। यह उनका तीसरा एमी नामांकन है। उनके अलावा वेब सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' ने भी नामांकन हासिल किया है। स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्टर वीर दास को उनके कॉमेडी स्पेशल 'वीर दास- फूल वॉल्यूम' के लिए तीसरा इंटरनेशनल एमी नॉमिनेशन मिला है। इसके साथ ही, वे प्रतिष्ठित टेलीविजन अवॉर्ड्स के लिए तीन नॉमिनेशन पाने वाले पहले भारतीय परफॉर्मर बन गए हैं। उनके अलावा इस साल मानव कौल की सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' भी नामांकन पाकर रेस में शामिल हो गई है।वीर दास की बात करें, तो उन्हें इससे पहले साल 2021 में उनके स्पेशल 'वीर दास- फॉर इंडिया' के लिए कॉमेडी कैटेगरी में इंटरनेशनल एमी नॉमिनेशन मिला था।



## साल 2023 में 'वीर दास- लैंडिंग' के साथ उन्हें फिर से नॉमिनेशन मिला और उन्होंने कॉमेडी के लिए इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड जीता भी था। वहीं, साल 2024 में वीर दास ने सेरेमनी को होस्ट किया।

कॉमेडियन ने नामांकन मिलने के बाद कहा, 'कॉमेडी स्पेशल 'फूल वॉल्यूम' नाम के शो के लिए इंटरनेशनल एमी के लिए नॉमिनेट होना वाकई बहुत अनोखी और अजीब बात है। यह स्पेशल शो उस समय बना था, जब मेरी आवाज सचमुच चली गई थी। इसलिए, जो चीज खामोशी से शुरू हुई थी, उसे इतनी दूर तक पहुंचते देखना बहुत ही कमाल है और अवास्तविक लगता है'। उन्होंने आगे कहा, 'भारत के लिए ही मैंने पहली बार समझा कि हमारी कॉमेडी को ग्लोबल स्टेज पर जगह मिल सकती है। 'लैंडिंग' ने मुझे एमी दिलाया और अब 'फूल वॉल्यूम' ने मुझे फिर से उस चर्चा में शामिल कर दिया है'।

दर्शकों और फैंस को कहा शुक्रिया

वीर दास ने नॉमिनेशन के लिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, अपनी टीम और उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, 'जब हमने पहला शो बनाया था, तब मैंने तीन नॉमिनेशन के बारे में कभी सोचा भी नहीं था। इसलिए, मैं बस इस बात का लुत्फ उठा रहा हूं कि 'फूल' की आवाज और तेज होती जा रही है'। बता दें कि 'वीर दास- फूल वॉल्यूम' जुलाई 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था।

रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' को किस श्रेणी में नामांकन मिला?

सोनी लिव की स्पोर्ट्स-ड्रामा सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2026 में नॉमिनेशन मिला है। इस सीरीज को 'बेस्ट ड्रामा सीरीज' कैटेगरी के लिए नामांकित किया गया है।

इस सीरीज के जरिए कश्मीर, फुटबॉल और वहां के लोगों की जिंदगी से जुड़ी इस कहानी को दुनियाभर में पहचान मिली है। मानव कौल और मोहम्मद जीशान अय्यूब स्टारर यह सीरीज दो ऐसे लोगों की अनोखी कहानी है, जिन्होंने बिल्कुल शुरुआत से एक प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब बनाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने 20 ऐसे पक्के इरादे वाले खिलाड़ियों को एक साथ किया, जिन्हें पहले कम आंका गया था। खेल के प्रति उनके जुनून को हिम्मत, त्याग और उम्मीद की कहानी में बदल दिया। यह सीरीज दिसंबर 2025 में सोनी लिव पर रिलीज हुई थी।

- भारत की दोहरी सफलता: 2026 के इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में भारत को कुल दो नामांकन (Nominations) मिले हैं।
- वीर दास का ऐतिहासिक तीसरा नामांकन: प्रसिद्ध हास्य कलाकार और अभिनेता वीर दास के नेटफ्लिक्स स्टैंड-अप स्पेशल 'फूल वॉल्यूम' (Fool Volume) को कॉमेडी कैटेगरी में नामांकित किया गया है। वीर दास का यह कुल तीसरा एमी नामांकन है (इससे पहले वे 'फॉर इंडिया' और एमी विजेता शो 'लैंडिंग' के लिए नामांकित हो चुके हैं)।रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' रेस में: सोनीलिव (SonyLIV) की चर्चित वेब सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' को ड्रामा सीरीज (Drama Series) कैटेगरी में जगह मिली है।
- कलाकार और निर्देशन: इस सीरीज में मानव कौल और मोहम्मद जीशान अय्यूब मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन राजेश मापुस्कर और महेश माथाई ने किया है। यह सीरीज जम्मू-कश्मीर के एक पेशेवर फुटबॉल क्लब की वास्तविक और संघर्षपूर्ण यात्रा पर आधारित है।
- एमी अवॉर्ड्स समारोह: इस साल का 54वां इंटरनेशनल एमी पुरस्कार समारोह 23 नवंबर, 2026 को न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा।

# बिस्वजीत चटर्जी: रेखा संग विवादित किसिंग सीन से संजय दत्त की डेब्यू फिल्म तक निर्देशक ने सुनाए अनसुने किस्से



**Biswajit Chatterjee: दिग्गज अभिनेता बिस्वजीत चटर्जी ने अपने लंबे फिल्मी करियर से जुड़े कई दिलचस्प किस्से शेयर किए हैं। चर्चित किसिंग सीन से लेकर संजय दत्त की डेब्यू फिल्म तक, जानिए निर्देशक ने क्या कुछ कहा। बिस्वजीत चटर्जी ने 1979 की फिल्म 'दो शिकारी' में रेखा के साथ अपने चर्चित किसिंग सीन को याद किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने संजय दत्त की डेब्यू फिल्म 'रॉकी' का टाइटल उनके पिता और अभिनेता सुनील दत्त को बिना कोई पैसे लिए दे दिया था।**

रेखा संग किसिंग सीन पर क्या बोले बिस्वजीत? एएनआई से बातचीत में बिस्वजीत चटर्जी ने 'दो शिकारी' में रेखा के साथ फिल्माए गए किसिंग सीन को याद किया। उस समय इस सीन को लेकर काफी चर्चा और विवाद हुआ था। इस मामले पर उन्होंने कहा, 'आज के दौर में इसका कोई मतलब नहीं है। आज पर्दे पर किसिंग कुछ भी नहीं है। आज फिल्मों में बेडरूम सीन देखकर मुझे हैरानी होती है।' जब बिस्वजीत से पूछा गया कि क्या 'दो शिकारी' के किसिंग सीन को लेकर हुए विवाद के बाद वह दोबारा रेखा से मिले थे, तो उन्होंने कहा, 'हां।' उन्होंने बताया, 'उसके बाद उन्होंने मेरी फिल्म की। मैं उस फिल्म का प्रोड्यूसर और डायरेक्टर था और मैंने उनसे बात की। उन्होंने मेरी फिल्म में काम किया।' बिस्वजीत चटर्जी ने संजय दत्त की डेब्यू फिल्म 'रॉकी' से जुड़ा एक खास किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बताया कि कभी यह टाइटल उनके पास था। वह प्रोड्यूसर-डायरेक्टर के तौर पर अमिताभ बच्चन और रेखा के साथ एक फिल्म बनाने की योजना बना रहे थे, जिसके लिए उन्होंने 'रॉकी' टाइटल लिया था। हालांकि बाद में यह फिल्म नहीं बन पाई। इसके बाद जब सुनील दत्त अपने बेटे संजय दत्त को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे थे, तो उन्होंने बिस्वजीत से 'रॉकी' टाइटल देने की बात कही। इस किस्से को याद करते हुए बिस्वजीत ने कहा, 'उनके साथ हमारा रिश्ता परिवार जैसा रिश्ता था। सुनील दत्त ने कहा, 'अपने बेटे के लिए फिल्म बना रहा हूं

# Friday OTT: होस्टिंग से चौंकाएंगे सहवाग इंसाफ के लिए लड़ेंगी अनीत पड्डा शुक्रवार को ओटीटी पर क्या है खास?



OTT Friday: इस शुक्रवार को ओटीटी पर अनीत पड्डा और फातिमा सना शेख की फिल्म रिलीज होने वाली है। वहीं वीरेंद्र सहवाग का शो भी स्ट्रीम होने वाला है। इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की अदाकारी से सजी फिल्म 'द वन' रिलीज होने वाली है। वहीं ओटीटी प्रेमियों के लिए यह शुक्रवार खास होने वाला है। क्योंकि इस शुक्रवार और वीकएंड पर कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज दस्तक देने वाली हैं। आइए जानते हैं इस शुक्रवार को ओटीटी पर क्या खास रहने वाला है। अनीत पड्डा और फातिमा सना शेख की अदाकारी से सजी वेब सीरीज 'हुंकार' इस हफ्ते रिलीज होने वाली है। यह कोर्टरूम ड्रामा एक टीनएजर लड़की के ईर्द-गिर्द घूमता है, जो एक मशहूर आध्यात्मिक गुरु पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाती है। यह 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

आलिया भट्ट के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'डोंट बी शाय' 25 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। इसमें ऐसी लड़की की कहानी है, जिसे लगता है कि उसने अपनी जिंदगी को पूरी तरह समझ लिया है। मगर उसकी प्लान की गई जिंदगी में अचानक एक मोड़ आता है और सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है।

परिणीति चोपड़ा 'शक: ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी में डेब्यू कर रही हैं। रेनसिल डी'सिल्वा के निर्देशन में बनी इस सीरीज की कहानी एक मां की अपने खोए हुए बच्चे की 9 साल की खोज के ईर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सोनी राजदान, अनुप सोनी और जेनिफर विंगेट भी होंगी। यह 24 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 ओटीटी पर आ रहा है। इस नए सीजन के होस्ट पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग हैं। खबरों के मुताबिक इसमें स्वरा भास्कर, करण पटेल, प्रियंका चहर चौधरी और शहजाद पूनावाला हिस्सा ले सकते हैं। इसे अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर 26 सितंबर 26 से देखा जा सकता है।

कटारिया परिवार एक और मुश्किल का सामना करने के लिए वापस आ गया है। इस बार मामला उनके पुश्तैनी घर, 'कटारिया कुटीर' के भविष्य से जुड़ा है। अजय, अल्का और अमन के वापस आने पर दोनों परिवारों को एक ही छत के नीचे रहना पड़ता है, जिससे उनके बीच फिर से झगड़े और उथल-पुथल शुरू हो जाती है। यह मशहूर सीरीज 25 सितंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी। मैंगो पच्चा' एक एक्शन से भरपूर कन्नड़ क्राइम ड्रामा है। कहानी मैसूर में वीडियो रेंटल शॉप चलाने वाले प्रशांत, यानी पच्चा (संचित संजीव) के ईर्द-गिर्द घूमती है। जिसे अपने स्वर्गीय पिता से सिर्फ़ उनका सामान ही नहीं, बल्कि कुछ और भी विरासत में मिलता है।

# Aaj ka Rahifal 24 September

## मेष, मिथुन राशि वालों को मिलेगी सफलता और प्रमोशन की खुशखबरी, आर्थिक लाभ के बनेंगे योग




**24 सितंबर 2026** के आज के राशिफल में आपका हार्दिक स्वागत है! ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग प्रभाव लेकर आया है। आइए जानते हैं ग्रहों की चाल और आज के दिन का पूरा विश्लेषण, ताकि आप अपने दिन की सही योजना बना सकें।

**Today Daily Prediction:** 24 सितंबर 2026 का दिन सभी राशियों के लिए अपने साथ कुछ खास संकेत और संभावनाएं लेकर आया है। ज्योतिष के अनुसार, आकाश में मौजूद ग्रह-नक्षत्र लगातार अपनी स्थिति बदलते रहते हैं, और उनका यह बदलाव हर राशि पर अलग-अलग तरीके से असर डालता है। कभी यह असर हमें नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है तो कभी सावधानी बरतने का इशारा भी देता है। जानेंगे कि इन छह राशियों के जातकों के लिए आज का दिन प्रेम संबंधों के मोर्चे पर कैसा रहेगा, करियर और व्यवसाय में किस तरह के अवसर या चुनौतियां सामने आ सकती हैं, आर्थिक मामलों में क्या स्थिति बनेगी, और सेहत को लेकर किन बातों का ध्यान रखना जरूरी होगा।

### मेष

आज का दिन आपके लिए प्रगति और नई उम्मीदों से भरा रहेगा। कृषकों को कृषि कार्यों में सफलता मिलेगी और खेती से जुड़े कामों में अच्छी गति आएगी। यदि आप कोई नया कार्य शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आज उसे आगे बढ़ाने का उत्साह मिलेगा। प्रतियोगी क्षेत्र में मेहनत करने वालों के लिए आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे, इसलिए अपनी तैयारी में कोई कमी न आने दें। जमीन-जायदाद से जुड़े काम पूरे होने पर मन को बड़ी खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और दिन भर ऊर्जा बनी रहेगी।

### वृषभ

आज आपके लिए खुशियों भरी खबरों का दिन है। ऑफिस में प्रमोशन की सूचना मिल सकती है, जिससे आपका आत्मविश्वास और उत्साह दोनों बढ़ेंगे। घर में भी प्रसन्नता का माहौल रहेगा। किसी छोटी बात को लेकर जरूरत से ज्यादा सोचने से बचें, वरना मन अनावश्यक उलझनों में फंस सकता है। काम में मन लगेगा और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। लंबे समय से चल रहे लोन के पूरा होने की संभावना से आर्थिक चिंता कम हो सकती है। सिविल इंजीनियरों के लिए नए प्रोजेक्ट की शुरुआत का अवसर आएगा।

### मिथुन

आज आप अपनी जिम्मेदारियों को पूरी लगन और समझदारी से निभाएंगे। परिवार के लोग आपके प्रयासों की सराहना करेंगे और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजकीय क्षेत्र में काम करने वालों के लिए लोगों के साथ मधुर संबंध बनाए रखना फायदेमंद रहेगा। प्रेम संबंधों में चली आ रही अनबन समाप्त होने की संभावना है और आप दोनों एक-दूसरे को बेहतर समझ पाएंगे। आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और दिन उत्साह के साथ बीतेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए लाभ और सम्मान लेकर आएगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह को महत्व देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाने के संकेत हैं। इलेक्ट्रीशियन कारोबारियों को व्यापार में अच्छे लाभ के अवसर मिल सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र में आपके सज्जन व्यवहार की प्रशंसा होगी और मान-सम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। लंबे समय से परेशान कर रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या में राहत मिलने की उम्मीद है।

### सिंह

आज आपके भीतर कुछ नया करने की इच्छा जागेगी और शुभ विचारों से मन उत्साहित रहेगा। एमटेक के विद्यार्थियों को किसी कठिन विषय में उलझन हो सकती है, ऐसे में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उपयोगी रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और मनपसंद वस्तु खरीदने का अवसर मिल सकता है। ऑफिस में अपनी छवि को बेहतर बनाने के लिए आप पूरे मन से प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम और आपसी समझ बनी रहेगी, जिससे दिन सुखद महसूस होगा।

### कन्या

आज का दिन कुछ उतार-चढ़ाव के साथ आगे बढ़ेगा। अनावश्यक विवादों से दूरी बनाए रखें, क्योंकि छोटी बात भी बड़ी उलझन का कारण बन सकती है। दोस्तों का सहयोग आपको कई परेशानियों से बचाएगा। कार्यक्षेत्र में नए लोगों से मुलाकात होगी और उनके अनुभवों से महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ मन की बातें साझा करने से रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। परिवार से दूर रहकर नौकरी करने वालों को घरवालों से मिलने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न हो जाएगा।

### तुला

आज आपके जीवन में आर्थिक सुधार और पारिवारिक खुशियों का सुंदर मेल देखने को मिलेगा। प्राइवेट नौकरी करने वालों की सैलरी में इंक्रीमेंट होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी और किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बन सकती है। अपने जरूरी सामान को साथ रखना न भूलें। महत्वपूर्ण फैसलों में परिवार का पूरा समर्थन मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और ऊर्जा बनी रहेगी। घर की आवश्यक चीजें खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं, जहां किसी पुराने दोस्त से अचानक मुलाकात दिन को और खास बना देगी।

### वृश्चिक

आज आपका मनोबल ऊंचा रहेगा और मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में चल रहे उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी और बिक्री में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं। दोस्तों के साथ छोटी-सी पार्टी या मिलन समारोह का आनंद ले सकते हैं। आपके स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आएगा और आप पहले से अधिक प्रसन्न महसूस करेंगे। यदि वाहन खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आज उस दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है। प्रेमी से मनपसंद उपहार मिलने की खुशी भी आपका दिन बना देगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सम्मान, समृद्धि और नई सीख लेकर आएगा। सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले लोगों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जा सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और अपनों के साथ आपका लगाव और गहरा होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। घर बनवा रहे लोगों के काम में तेजी आएगी और निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा। नई चीजों को सीखने की इच्छा बढ़ेगी। वेब डिजाइनिंग सीख रहे लोगों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है।

### मकर

आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहेंगे और नई योजनाओं को लेकर उत्साहित होंगे। मनपसंद वाहन खरीदने की इच्छा प्रबल हो सकती है। बेटी के किसी पसंदीदा क्षेत्र में चयन की खुशखबरी मिलने के योग हैं। हालांकि जल्दबाजी में किया गया काम बिगड़ सकता है, इसलिए हर कार्य को ध्यान से पूरा करें। आपकी जीवनशैली में अच्छे बदलाव आएंगे। मैकेनिकल इंजीनियर पुराने लक्ष्य को पूरा करके नए लक्ष्य की जिम्मेदारी हासिल कर सकते हैं। दिन आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए उत्साह और उपलब्धियों से भरा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और कार्यभार में विस्तार होगा। बड़ों की बात ध्यान से सुनना और उनकी सलाह का सम्मान करना आपके लिए उपयोगी रहेगा। प्रेमी के साथ शाम को शॉपिंग पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जिससे दिन मनोरंजन और खुशियों से भर जाएगा। व्यापार में परिस्थितियां पहले से बेहतर होंगी। ग्राहकों से मधुर व्यवहार बनाए रखने से आपके कामकाज में और सकारात्मकता आएगी।

### मीन

आज आपके लिए नए अवसरों के दरवाजे खुलेंगे। सभी के प्रति स्नेह और समझदारी का व्यवहार रखें, इससे रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आय के नए मार्ग सामने आ सकते हैं और आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद बनेगी। विद्यार्थियों की लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी और वे किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित हो सकते हैं। हार्डवेयर कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। जानकार लोगों से मुलाकात होने पर उपयोगी संपर्क बनेंगे। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक और आगे बढ़ने वाला रहेगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल 24 सितंबर: कर्क, कन्या और मीन के रिश्तों में बढ़ेगी समझदारी, प्यार के साथ मजबूत होगा भरोसा



प्यार और रिश्तों के मामले में आज का दिन सभी राशियों के लिए कुछ खास संकेत लेकर आया है। किसी के रिश्ते में नजदीकियां बढ़ सकती हैं, तो किसी को गलतफहमियां दूर करने का मौका मिलेगा। जानिए मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए आज का प्रेम राशिफल और कैसा रहेगा आपकी लव लाइफ का दिन।

**Love Prediction Today:** प्यार के मामले में आज का दिन आपके लिए कई खास संकेत लेकर आया है। सितारों की बदलती चाल आपके रिश्ते में रोमांस, नजदीकियों और भावनाओं के नए रंग भर सकती है। किसी के साथ चल रही गलतफहमी दूर हो सकती है, तो कुछ राशियों के लिए प्रेम संबंधों में नई शुरुआत या कोई सुखद बदलाव देखने को मिल सकता है। जो लोग रिलेशनशिप में हैं, उनके बीच प्यार और आपसी समझ बढ़ने के संकेत हैं, जबकि सिंगल लोगों की जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री दस्तक दे सकती है। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और दिल की बात कहने का इंतजार कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए कुछ संकेत दे सकता है। तो आइए जानते हैं

## मंगल नक्षत्र गोचर: 24 सितंबर से इन 4 राशियों की चमकेगी किस्मत, धन लाभ और करियर में तरक्की के संकेत




**24 सितंबर 2026** को मंगल पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और यहां 17 अक्तूबर 2026 तक रहेंगे। मंगल का यह नक्षत्र परिवर्तन कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आइए जानते हैं मंगल का पुष्य नक्षत्र गोचर किन राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार मंगल देव इस समय पुनर्वसु नक्षत्र में स्थित हैं।

**24 सितंबर 2026** को मंगल पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और यहां 17 अक्तूबर 2026 तक रहेंगे। मंगल का यह नक्षत्र परिवर्तन कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस दौरान कुछ जातकों को आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है, जबकि नौकरी और कारोबार से जुड़े लोगों के लिए भी नए अवसर बन सकते हैं। लंबे समय से रुके काम आगे बढ़ने और परेशानियों से राहत मिलने के योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं मंगल का पुष्य नक्षत्र गोचर किन राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है।

## आज का अंक ज्योतिष 24 सितंबर: मूलांक 4 और 7 वालों को मिलेगी आर्थिक मजबूती, पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिष




**24 सितंबर 2026** का अंक ज्योतिष आपके लिए दिन की ऊर्जा, करियर, धन, रिश्तों और महत्वपूर्ण फैसलों से जुड़े सामान्य संकेत बताता है। अपना मूलांक जानकर आज का अंक ज्योतिष पढ़ें और दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच के साथ करें।

**24 सितंबर 2026** का अंक ज्योतिष आपके लिए आज के दिन की ऊर्जा और उससे जुड़े महत्वपूर्ण संकेतों को समझने का एक खास अवसर लेकर आया है। अंक ज्योतिष के अनुसार, हर तारीख और हर मूलांक की अपनी अलग ऊर्जा होती है जिसका संबंध व्यक्ति के दैनिक जीवन के अलग-अलग पहलुओं से जोड़ा जाता है। आज का दिन आपके करियर, कारोबार, धन-दौलत, प्रेम और रिश्तों, पारिवारिक जीवन, स्वास्थ्य तथा महत्वपूर्ण फैसलों के लिहाज से क्या संकेत दे रहा है, यह जानने के लिए अपना मूलांक जरूर देखें। आइए जानते हैं मूलांक 1 से लेकर 9 तक के लिए 24 सितंबर 2026 का अंक ज्योतिष, और जानें कि आज आपके लिए क्या खास संकेत हैं। दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ करें।

## अक्तूबर लकी राशिफल 2026: अक्तूबर माह में मेष-कन्या सहित इन राशि वालों की बदलेगी किस्मत, शुरू होंगे अच्छे दिन




**October Lucky Horoscope 2026:** अक्तूबर माह की शुरुआत कुछ राशि वालों के लिए बेहद खास रहने वाली है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस महीने कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिससे कुछ राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। मनचाही सफलता के योग बनेंगे।

**October Lucky Horoscope 2026:** अक्तूबर माह की शुरुआत कुछ राशि वालों के लिए बेहद खास रहने वाली है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस महीने कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के जीवन पर देखने को मिलेगा। अक्तूबर में सूर्य अपनी चाल बदलेंगे और कई महत्वपूर्ण ग्रहों की स्थिति में भी बदलाव आएगा। इस दौरान त्रिग्रही योग का निर्माण होगा, वहीं गुरु भी अपना राशि परिवर्तन करते हुए साल का बड़ा गोचर करेंगे। इस दौरान वह कर्क राशि में अपनी यात्रा को विराम देकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा चंद्रमा भी समय-समय पर परिवर्तन करते हुए कई शुभ योगों का निर्माण करेंगे। ग्रहों की इन बदलती स्थितियों का लाभ कुछ राशि वालों को मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलने के साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार के योग बनेंगे। आइए जानते हैं अक्तूबर माह की इन लकी राशियों के बारे में।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों के लिए अक्तूबर का महीना सफलता लेकर आ सकता है। इस दौरान नौकरी और करियर से जुड़े लेकर किए गए आपके प्रयास सफल हो सकते हैं। परिवार में आपके खुशियां बनी रहेंगी। धन लाभ होता दिख रहा है और नौकरी नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में नए और बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। छात्रों के लिए समय और भी खास रहेगा, क्योंकि मेहनत का उचित परिणाम मिलने से आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# भारत बनाम वेस्टइंडीज: रोहित-कोहली के निशाने पर कई बड़े रिकॉर्ड वनडे सीरीज में बन सकती है इतिहास की नई कहानी



भारत और वेस्टइंडीज के बीच 27 सितंबर से शुरू होने वाली वनडे सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। रोहित 12,000 वनडे रन और बतौर ओपनर 10,000 रन के करीब हैं, जबकि विराट कोहली 15,000 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 59 रन दूर हैं। दोनों दिग्गजों के पास वेस्टइंडीज के खिलाफ कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड हासिल करने का मौका होगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 27 सितंबर से शुरू होने जा रही है। इस सीरीज में एक बार फिर क्रिकेट फैंस की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर होंगी। दोनों दिग्गज टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और अब वनडे क्रिकेट में ही खेल रहे हैं। ऐसे में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली यह सीरीज दोनों के लिए व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिहाज से भी खास हो सकती है। रोहित और विराट के पास कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला वनडे 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 30 सितंबर को गुवाहाटी और तीसरा मैच तीन अक्तूबर को न्यू चंडीगढ़ में होगा। 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह सीरीज भारतीय टीम के लिए भी अहम मानी जा रही है।

- **12 हजार वनडे रन पूरे करने का मौका**

रोहित शर्मा इस समय वनडे क्रिकेट में 12,000 रन के बेहद करीब हैं। उन्होंने अब तक 288 वनडे मैचों में 11,895 रन बनाए हैं। ऐसे में इस ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें 105 रन की जरूरत है। रोहित अगर वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल करते हैं तो उनके वनडे करियर में एक और बड़ा अध्याय जुड़ जाएगा

- **बतौर ओपनर 10 हजार वनडे रन से 135 रन दूर**

रोहित शर्मा के पास बतौर ओपनर वनडे क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने का भी मौका है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 135 रन और बनाने होंगे। रोहित लंबे समय से वनडे क्रिकेट में भारतीय पारी की शुरुआत करते रहे हैं और इस भूमिका में उनके नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं।

- वेस्टइंडीज के खिलाफ एक और शतक का मौका

रोहित शर्मा के पास वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे क्रिकेट में एक और शतक लगाने का मौका होगा। यह शतक उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय ओपनर के तौर पर सबसे ज्यादा वनडे सेंचुरी के रिकॉर्ड के करीब ले जाएगा। रोहित ने जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में शानदार शतक लगाकर भी अपनी फॉर्म का परिचय दिया था। 39 साल की उम्र में आया वह शतक उनके करियर की खास पारियों में शामिल रहा।

- जीत में बतौर ओपनर बड़ा रिकॉर्ड

रोहित शर्मा टीम इंडिया की जीत वाले मैचों में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में भी एक बड़े मुकाम के करीब हैं। इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए उन्हें जीत में 38 रन और बनाने होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में उनके पास इस आंकड़े को पार करने का मौका रहेगा।

- वेस्टइंडीज के खिलाफ बतौर ओपनर सबसे ज्यादा वनडे रन

वेस्टइंडीज के खिलाफ बतौर ओपनर सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भी रोहित शर्मा को ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना होगा। उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 185 रन और बनाने होंगे। अगर रोहित सीरीज में बड़ी पारियां खेलने में कामयाब रहते हैं तो यह रिकॉर्ड भी उनके नाम हो सकता है।

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2 हजार चौकों के करीब रोहित

रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में 2,000 चौके पूरे करने से भी 18 चौके दूर हैं। यह आंकड़ा सिर्फ वनडे क्रिकेट का नहीं, बल्कि टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके कुल चौकों से जुड़ा है। छक्कों के मामले में रोहित शर्मा का नाम पहले से ही दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शामिल है। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए उन्हें 6 छक्के और लगाने होंगे।

# मोहिंदर अमरनाथ: जबड़े में छह टांकों के बाद भी नहीं मानी हार भारत को बनाया चैंपियन कैसा रहा 'जिम्मी' का सफर?




आज भारत के उस खिलाड़ी का जन्मदिन है जिसने अपनी जान की परवाह किए बगैर 1983 में देश को विश्व विजेता का गौरव दिलाया था। जन्मदिन विशेष में हैं मोहिंदर अमरनाथ की उस जुझारू कहानी के बारे में, जबड़े में छह टांके लगने के बावजूद उन्होंने मैदान पर उतरकर बल्लेबाजी की थी। 1983 विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच बनकर उन्होंने भारत को पहली बार विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में 1983 विश्व कप की जीत का जिक्र जब भी होता है, मोहिंदर अमरनाथ का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। मुश्किल परिस्थितियों में डटकर मुकाबला करने वाले इस पूर्व ऑलराउंडर ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और वेस्टइंडीज के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर भारत को पहली बार विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। 24 सितंबर को जन्मे मोहिंदर अमरनाथ आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। मोहिंदर अमरनाथ का जन्म 24 सितंबर, 1950 को पंजाब में हुआ था। उन्हें क्रिकेट का हुनर विरासत में मिला।

उनके पिता लाला अमरनाथ स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय कप्तान और देश के शानदार बल्लेबाजों में शुमार रहे। उनके बड़े भाई सुरिंदर अमरनाथ भी भारतीय क्रिकेटर थे। ऐसे क्रिकेटिंग माहौल में पले-बढ़े मोहिंदर का इस खेल की ओर आकर्षित होना स्वाभाविक था।

घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के बाद मोहिंदर को 1969 में भारतीय टीम की जर्सी पहनने का मौका मिला। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के शुरुआती दौर में वह अपनी छाप नहीं छोड़ सके और टीम से बाहर हो गए। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाकर उन्होंने दोबारा भारतीय टीम में जगह बनाई और आगे चलकर टीम के भरोसेमंद ऑलराउंडरों में अपनी पहचान बनाई। मोहिंदर अमरनाथ के करियर में उनकी जुझारू क्षमता का एक बड़ा उदाहरण 1983 में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान देखने को मिला। उस दौर में वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाजी आक्रमण दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाजी आक्रमणों में गिना जाता था। एक मुकाबले में कैरेबियाई तेज गेंदबाज मैल्कम मार्शल की गेंद सीधे मोहिंदर के जबड़े पर जा लगी। से लहूलुहान हो गई।

# हार्दिक का बैकअप कौन: जडेजा की वापसी कितनी लंबी शमी और भुवी का क्या होगा? भारत के स्क्वॉड से मिले बड़े संकेत

भारतीय क्रिकेट टीम अगले एक महीने से ज्यादा समय में छह अलग-अलग सीरीज और टूर्नामेंट में मैदान पर उतरेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे-टी20 सीरीज, एशियन गेम्स, ईरानी कप और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मुकाबलों के लिए चुने गए स्क्वॉड से जडेजा की भूमिका, हार्दिक के बैकअप, नीतीश रेड्डी की प्राथमिकता और शमी-भुवनेश्वर के भविष्य को लेकर कई संकेत मिले हैं। भारतीय क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम अगले एक महीने से ज्यादा समय तक जारी रहने वाला है। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। इसी दौरान एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम हिस्सा लेगी। इसके अलावा ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंडिया ए के मुकाबले भी होंगे। इन अलग-अलग प्रतियोगिताओं के लिए चुने गए स्क्वॉड पर नजर डालें तो भारतीय टीम प्रबंधन की भविष्य की योजनाओं के कई संकेत मिलते हैं। सबसे अहम सवाल रविंद्र जडेजा की वनडे टीम में वापसी, हार्दिक पांड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी की भूमिका, नमन धीर और औकिब नबी जैसे खिलाड़ियों को मौका देने और मोहम्मद शमी तथा भुवनेश्वर कुमार के भविष्य से जुड़े हैं। 27 सितंबर से तीन अक्तूबर तक होने वाली वनडे सीरीज के लिए शुभमन गिल को कप्तान और केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। भारत की वनडे टीम: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान और विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, आकिब नबी, यशस्वी जायसवाल, नमन धीर।



# भारत बनाम वेस्टइंडीज वनडे सीरीज: केरल में हुआ विराट कोहली का जबरदस्त स्वागत कब खेला जाएगा पहला मैच?



विराट कोहली वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले तिरुवनंतपुरम पहुंचे, जहां फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला वनडे 27 सितंबर को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को तिरुवनंतपुरम पहुंच गए। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले कोहली के केरल पहुंचते ही उनके फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में प्रशंसक एयरपोर्ट पर अपने पसंदीदा क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने कोहली को टर्मिनल से बाहर निकाला। इसके बाद वह टीम इंडिया के होटल के लिए रवाना हुए, जहां होटल स्टाफ की ओर से उनका पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे 30 सितंबर को गुवाहाटी और तीसरा मुकाबला तीन अक्तूबर को मुल्लांपुर में होगा। यह सीरीज भारत की 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**कोहली-रोहित की वापसी ने बढ़ाई सीरीज की चर्चा**

वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी ने इस सीरीज को लेकर फैंस की दिलचस्पी बढ़ा दी है। दोनों दिग्गजों ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन वनडे क्रिकेट में उनका सफर जारी है। 2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए दोनों खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर लगातार चर्चा होती रही है। चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों को भी आजमा रहे हैं, लेकिन फिलहाल कोहली और रोहित को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में बरकरार रखा गया है।

**क्या 2027 विश्व कप में खेलेंगे कोहली और रोहित?**

कोहली और रोहित की भारतीय वनडे टीम में भूमिका को लेकर सवाल लगातार बने हुए हैं। इस बीच टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं की नजर युवा विकल्पों पर भी है। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल लॉर्ड्स में हुए वनडे से पहले ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि चयनकर्ता वनडे सेटअप में यशस्वी जायसवाल को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, मौजूदा सीरीज के लिए कोहली और रोहित को टीम में शामिल किया गया है।

**जेसन होल्डर ने की विराट कोहली की तारीफ**

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने सीरीज से पहले विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कोहली को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल बताया। होल्डर के मुताबिक, वनडे क्रिकेट में कोहली का रिकॉर्ड और उनका अनुभव उन्हें इस फॉर्मेट के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाजों में शामिल करता है।

**शुभमन गिल को मिलेगा कोहली-रोहित के अनुभव का फायदा**

वनडे फॉर्मेट में शुभमन गिल भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं। टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी माना कि गिल के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का साथ बेहद महत्वपूर्ण है। गंभीर ने कहा कि वनडे में गिल भाग्यशाली हैं कि उन्हें मैदान के अंदर और बाहर रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों से सीखने का मौका मिल रहा है।शुभमन गिल का हालिया वनडे प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में उन्हें संघर्ष करना पड़ा था। हालांकि, गौतम गंभीर ने गिल का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने सही दिशा में काम किया है और उन्हें भरोसा है कि आने वाले समय में चीजें उनके पक्ष में बदलेंगी।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













